A **609**

समग्र शिक्षा केरल

ANNUAL EVALUATION 2022-23

वार्षिक मूल्यांकन

हिंदी

कक्षा- 6 **समय : 2 घंटे**

सामान्य निर्देश :

- पंद्रह मिनट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न-पत्र वाचन के लिए है।
- गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।
- 2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।

गतिविधि 1

सूचना : खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक दिन शीतल ने एक सपना देखा। एक नदी तेज़ बह रही थी। नदी से एक मछली बाहर उछली और किनारे पत्थर पर फँस गई। शीतल ने मछली को वापस नदी में डाल दिया।

(बाहर उछली - പുറത്തേക്ക് ചാടി, फँस गई - കുടുങ്ങിപ്പോയി)

क) किसने सपना देखा?

अ) नदी ने। आ) पत्थर ने।

इ) मछली ने। ई) शीतल ने।

ख) नदी कैसे बह रही थी?

अ) शांत आ) धीरे-धीरे

इ) तेज़ ई) चक्कर खाकर

ग) नदी से बाहर उछली। कौन?

अ) बतख आ) मछली

इ) मेंढ़क ई) साँप

घ) मछली कहाँ फँस गई?

अ) सड़क पर आ) पत्थर पर

इ) जंगल पर ई) मैदान पर

ङ) शीतल ने मछली को कहाँ डाल दिया?

अ) तालाब में आ) नाले में

इ) सागर में ई) नदी में

गतिविधि 2

सूचनाः 'ज़मीं को जादू आता है।' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

ये मेरे बाग की मिट्टी को कुछ तो है।
ये जादुई ज़मीं है क्या?
ज़मीं को जादू आता है।

क) कवितांश में 'भूमि' के लिए किस शब्द का प्रयोग हुआ है? (बाग, मिट्टी, ज़मीं, जादू)

ख) 'धरती बचाओ, जीवन बचाओ' - यह संदेश देते हुए **एक पोस्टर** तैयार करें।

गतिविधि 3

सूचनाः चित्र वाचन करें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।



क) चित्र के अनुसार वाक्यों को क्रम से लिखें।

- बिल्ली को देखकर चूहा भाग गया।
- भूखे चूहे को एक पेंसिल मिली।
- पेंसिल ने कहा - 'मुझे छोड़ दो , मैं तुम्हारे लिए चित्र खींच दूँगी...'
- पेंसिल चित्र खींचने लगी।

ख) चित्र कथा के लिए उचित **शीर्षक** दें।

गतिविधि 4

सूचना : 'हिंदुस्तान हमारा' पाठ का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> भारत संसार का ऐसा ताज है, जिसकी चमक विश्व भर फैली है। इसकी खूबसूरत भौगोलिक झलक, समय-समय पर रंग बदलते अनोखे मौसम, शान बनी संपन्न संस्कृति सब इस ताज में जड़े हीरे हैं।

क) खंड में किसको 'संसार का ताज' कहा गया है?

ख) खंड के आधार पर **सही मिलान** करें।

भारत की चमक	समय-समय पर बदलते हैं।
भारत की भौगोलिक झलक	विश्व भर फैली है।
भारत के मौसम	भारत की शान है।
संपन्न संस्कृति	खूबसूरत है।

गतिविधि 5

सूचना : 'मार्च' लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> मार्च के दिनों हाथों में किताबें और आँखों में नींदें रहा करती थीं। दो पन्ने पलटते ही नींद के हाथ आकर आँखों पर पलकें खींच जाते।

क) लेख में किस महीने के बारे में कहा गया है?

अ) मार्च　　आ) जनवरी

इ) दिसंबर　　ई) जून

ख) तालिका से उचित वाक्य चुनकर **पत्र** की पूर्ति करें।

वयनाड़

02 मार्च 2023

प्रिय राहुल,

.... ? अगले हफ़्ते में परीक्षा है न? ....।
लेकिन हाथ में किताब लेते ही ....? तुम्हारी पढ़ाई कैसे चलती है? ....।

तुम्हारा अपना,

सोनु

- आँखों में नींद आती है।
- तुम कैसे हो?
- अच्छी तरह पढ़ना।
- मैं अच्छी तरह पढ़ना चाहता हूँ।

सूचना : कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

चींटी चलती है...
चीनी लेकर चींटी चलती है
चींटी रुकती है तो चीनी रुकती है
चींटी चलती है तो चीनी चलती है
रस्ते में एक और चींटी मिल जाती है
देखके चीनी का दाना खिल जाता है
चींटी तो फिर चींटी होती है
चीनी की दावत मीठी होती है

क) कविता से ये आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें।

अ) **चीनी लेकर चलनेवाली चींटी रास्ते में एक और चींटी से मिलती है।**

आ) **चींटी और चीनी एक साथ रुकती है और चलती है।**

ख) कविता के लिए एक **शीर्षक** दें।

****